समाचार

वार्ड क. 01 रामसागरपारा में विकास कार्य का भूमिपूजन किया महापौर ने

कोरबा 12 जनवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क. 01 रामसागरपारा में आर.सी.सी. नाली, सीमेंट कांक्रीट रोड एवं सामुदायिक मंच जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद संतोष राठौर तथा एल्डरमेन बच्चू मखवानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क. 01 रामसागरपारा में पार्षदनिधि से 06 लाख 44 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली, सीमेंट कांक्रीट सड़क एवं सामुदायिक मंच का जीर्णोद्धार किए जाने का कार्य किया जाना हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर कार्यो को प्रारंभ कराया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से वार्ड क. 01 में 07 करोड़ 11 लाख रूपये की लागत से जिले का सबसे बड़ा स्कूल बनने जा रहा है, जो सर्वसुविधायुक्त विद्यालय होगा तथा पुराने कोरबा शहर के गौरव को बढ़ाएगा। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य हुए तथा कोरबा को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली, पचासों वर्ष की समस्याएं दूर की गई, घर–घर में पानी पहुंचाया गया, अंधेरे में डूबी हुई बस्तियों, पारों, मोहल्लों में बिजली की सुविधा पहुंचायी गई। सड़क, नाली, सड़क रोशनी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ व्यापक रूप से विकास कार्य किए गए, निश्चित रूप से उनका यह कार्यकाल कोरबा के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ है।

विकास कार्यो में लाई जा रही तेजी– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के दिशा निर्देशन में निगम क्षेत्र के वार्डो में क्रमशः कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो में तेजी लाई जा रही है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट के कारण निगम के विकास कार्य निश्चित रूप से प्रभावित हुए हैं, किन्तु अब कोरोना संकट दूर हो रहा है तथा विकास व निर्माण के कार्यो के साथ–साथ नागरिक सेवाओं व

सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में कार्यो को गति एवं दिशा दी जा रही है। मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर ने इस मौके पर कहा कि निश्चित रूप से महापौर श्री प्रसाद कार्य के प्रति सजग हैं, राजस्व मंत्री व हम सबके नेता श्री जयसिंह अग्रवाल जी का निरंतर मार्गदर्शन उन्हें कोरबा के विकास हेतु प्राप्त हो रहा है, निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य हों, यह सुनिश्चित किया जा रहा है, आगे आने वाले समय में विकास कार्यो को और अधिक गति मिलेगी, यह सुनिश्चित है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, बच्चूलाल मखवानी, सीमा उपाध्याय, गौरी चौहान, मनीषा अग्रवाल, शशि अग्रवाल, महेन्द्र निर्मलकर, द्रौपदी तिवारी, सुभाष बघेल, लक्ष्मी देवांगन, सरोज सोनी, विनोद सोनकर, हैप्पी सिंह भाटिया, विजय कुशवाहा, बनवारी पाहुजा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।